सुभाष चौक से जलेबी चौक तक लगेगा पेवर ब्लॉक , महापौर नीरज पाल ने भूमि पूजन कर , कार्य कराया प्रारंभ

भिलाई नगर/ नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत वार्ड क्रमांक 30 एवं 32 सुभाष चौक से जलेबी चौक तक आकर्षक पेवर ब्लॉक लगाया जाएगा। इस कार्य का भूमि पूजन आज महापौर नीरज पाल ने किया और कार्य की शुरुआत कराई। शीघ्र ही इस स्थल पर पेवर ब्लॉक लग जाएगा आज से इस कार्य का शुभारंभ महापौर के हाथों हो चुका है। भूमि पूजन के दौरान जिला अध्यक्ष मुकेश चंद्राकर , जोन अध्यक्ष जलंधर सिंह , पार्षद सत्या देवी जायसवाल , जोन आयुक्त अमिताभ शर्मा , कार्यपालन अभियंता वेशराम सिन्हा, सहायक अभियंता वसीम खान एवं उप अभियंता वीरेंद्र गुप्ता आदि मौजूद रहे। सुभाष चौक से जलेबी चौक तक जाने वाले मार्ग पर स्थल को धूल रहित , कचरा मुक्त, कीचड़ मुक्त और आकर्षक स्वरूप देने के लिए पेवर ब्लॉक लगाने की मांग स्थानीय निवासियों ने की थी। महापौर नीरज पाल ने मांग को सहज स्वीकार करते हुए अधिकारियों को प्राक्कलन तैयार एक निर्देश दिए थे। सक्षम स्वीकृति प्राप्त करने उपरांत आज कार्य प्रारंभ हो गया है अब शीघ्र ही पेवर ब्लॉक लगने का काम हो जाएगा और स्थल सुंदर और धूल रहित हो जायेगा।